दिनांक 5 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एसके सुंदरानी ने सुपेला लक्ष्मी मार्केट का किया निरीक्षण, निवास स्थान से सीधे साइकिल से पहुंचे निरीक्षण स्थल

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी आज शुक्रवार को सप्ताह में 1 दिन पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से साइकिल चलाकर निगम दफ्तर पहुंचते हैं! इसी तारतम्य में आज आयुक्त सुंदरानी सीधे निवास से साइकिल चलाते हुए सुपेला लक्ष्मी मार्केट वार्ड 5 पहुंचे साथ में उपायुक्त टीपी लहरें एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा भी साइकिल से निरीक्षण स्थल पर पहुंचे! आयुक्त सुंदरानी ने लक्ष्मी मार्केट लगने वाले स्थल पर जमीन अलॉटमेंट के संबंध में जानकारी ली एवं इस पूरे स्थल का सर्वे करा कर रिपोर्ट देने के लिए उपायुक्त अशोक द्विवेदी को आदेशित किया ! इसी स्थल पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों से पूछने पर जानकारी प्राप्त हुई कि व्यवसायियों द्वारा कचरा को अन्ययंत्र फेंका जा रहा है जिस पर टीपी लहरें को निर्देशित करते हुए एसएलआरएम सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए! आगे बढ़ते हुए लक्ष्मी मार्केट का निरीक्षण किया जहां पर वहां के व्यवसायियों ने जल जमाव होने , भीड़ अधिक होने के कारण दिक्कतों का सामना करने की बात कही जिस पर आयुक्त श्री सुंदरानी ने टीपी लहरें को नाली पर हुए अतिक्रमण आदि को नियमानुसार हटाने की कार्यवाही प्रारंभ कर व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया! मटन मछली मार्केट पहुंचने पर आयुक्त महोदय द्वारा देखा गया कि कचरा इधर-उधर फेंक दिया जाता है जिसे व्यवस्थित करने हेतु वहां के संरक्षक मोहम्मद शब्बीर कुरेशी से समिति के माध्यम से बड़े डस्टबिन रखवाने हेतु चर्चा की एवं उस कचरे को एकत्रित कर मटन मछली मार्केट से निकलने वाले कचरा को तालाब में बतख पालन कर एवं डॉग हाउस में उपयोग करने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को आदेशित किया! निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें , प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली , जोन के स्वास्थ्य अधिकारी महेश मिश्रा एवं अंकित सक्सेना सहित, एजेंसी के रमन एवं कोमल तथा निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!